दिनांक : 22.11.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा–मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पंचायतीराज चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ा।

- प्रवासी राजस्थानी दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 10 दिसंबर तक होने वाले आयोजनों की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर में समीक्षा बैठक की।

- एनसीसी स्थापना दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा–एनसीसी एकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ सेवा की भावना का प्रतीक है।

- प्रदेश के 32 जिलों में आज उप–राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने नगरीय निकाय और पंचायतीराज चुनावों की अब तक की प्रक्रिया के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन और निर्वाचन प्रबंधन में किए गए नवाचारों के लिए श्री सिंह तथा आयोग की टीम को बधाई दी। इस दौरान 'एक राज्य, एक चुनाव' की व्यापक अवधारणा के संदर्भ में प्रदेश के निर्वाचन अनुभवों पर चर्चा हुई। राजस्थान में 'एक राज्य, एक चुनाव' के तहत नगरीय निकाय चुनाव दो चरण तथा पंचायतीराज चुनाव चार चरणों में आयोजित किए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने बताया कि नगरीय निकाय चुनावों में मतदान पिछली बार के 71 दशमलव 84 प्रतिशत से बढ़कर 73 दशमलव 56 प्रतिशत रहा। वहीं ग्राम पंचायत चुनावों में यह 82 दशमलव 86 से बढ़कर 83 दशमलव 72 प्रतिशत तथा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में 63 दशमलव 66 से बढ़कर 67 दशमलव 78 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सफलता मिली है।

000

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव–2026 के तहत आज विभिन्न जिलों के 28 बूथों पर पुनर्मतदान हुआ। आज रात 9 बजे से ही वोटों की गिनती की जाएगी। इनमें जिला परिषदों के 6 और पंचायत समितियों के 22 वार्ड शामिल हैं।

गौरतलब है कि 20 नवम्बर को हुई मतगणना में इन बूथों पर तकनीकी खराबी के कारण ईवीएम नहीं खुली थी। इस कारण इनके नतीजे जारी नहीं हो सके और पुर्नमतदान कराया गया।

000

प्रवासी राजस्थानी दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 10 दिसंबर तक होने वाले विशेष आयोजनों की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर में अधिकारियों के साथ बैठक की। तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इनके सुव्यवस्थित आयोजन और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा और निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। इन कार्यक्रमों में शेखावाटी हेरिटेज, सांस्कृतिक संध्या और प्रवासी राजस्थानी दिवस प्रमुख आकर्षण होंगे। भारतीय उद्योग संघ–सीआईआई के सहयोग से होने वाले इन आयोजनों की शुरूआत 8 दिसम्बर को झुन्झुनू जिले के खेतडी स्थित अभयगढ में शेखावाटी हेरिटेज कार्यक्रम से होगी। यह पहल क्षेत्र की विरासत को पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों से जोडने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। 9 दिसम्बर को जयपुर स्थित राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित होगी। वहीं 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस पर जेईसीसी में उद्योग, ऊर्जा, पर्यटन, प्रवासी राजस्थानी, खनन, नगरीय विकास क्षेत्रों पर विभिन्न सत्रों में चर्चा की जाएगी।

000

जयपुर पुलिस की गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज करधनी थाना परिसर में पेट्रोलिंग वाहनों का फ्लैग ऑफ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ तथा पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने 10 नए पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री राठौड़ ने कहा कि अपराध नियंत्रण में जयपुर पुलिस सराहनीय कार्य कर रही है। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 10 थानों को पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग से क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

000

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित दांडी कुटीर से **'संडे ऑन साइकिल'** के 99वें संस्करण को रवाना किया। देशभर में 26 हजार स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने साइकिल चलाने को एक संपूर्ण व्यायाम बताया। उन्होंने कहा कि यह यातायात की समस्या और प्रदूषण से निपटने का एक प्रभावी समाधान भी है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि युवाओं को फिटनेस के साथ–साथ राष्ट्र के प्रति भी जागरूक होना चाहिए, जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके।

डॉ. मांडविया ने यह भी घोषणा की कि 'संडे ऑन साइकिल' का ऐतिहासिक 100वां संस्करण 29 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

0000

आज राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी कैडेट्स और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं हैं। श्री सिंह ने कहा कि एनसीसी एकता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय दायित्व की भावना प्रदान करती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि एनसीसी भारत की विविधता की शक्ति और देश के युवाओं की असीम क्षमता दर्शाती है।

0000

प्रदेश के 32 जिलों में आज उप–राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अभियान में 92 लाख 83 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेशभर में 59 हजार से अधिक बूथों पर ये दवा दी गई। इसके लिए 75 हजार से ज्यादा टीमें गठित की गई। इनमें करीब 7 हजार ट्रांजिट और 9 हजार मोबाइल टीमें भी शामिल हैं। इन टीमों ने बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य आवागमन तथा सार्वजनिक स्थानों पर दवा पिलाई। अभियान में घुमक्कड़ समुदाय के डेरों, ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों और दुर्गम क्षेत्र के बच्चों का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कल से दो दिन दवा पीने से वंचित रहे बच्चों को घर–घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अभियान के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों, ए.एन.एम., आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई है।

000

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में आज का दिन सांस्कृतिक और मनोरंजक आयोजनों के नाम रहा। मेला मैदान में सुबह से ही देशी–विदेशी पर्यटकों की भीड़ जुटी रही। विभिन्न प्रतियोगिताओं ने माहौल को रोचक और आनंदमय बना दिया। और ब्यौरा समाचार कक्ष से –

.....

000

प्रदेश में सर्दी का असर धीरे–धीरे बढ़ने लगा है। सुबह–शाम के साथ–साथ अब दिन में भी ठण्डक का आभास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगी है। पिछले 24 घंटों में आबूराज में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड कियागया। वहीं सीकर के फतेहपुर में सबसे कम 8 दशमलव 1 डिग्री पारा दर्ज हुआ। विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होने का पूर्वानुमान है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000